**दिनांक : 19.04.2024** **समय : 02.10 pm**

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**संकेत धुन**

नमस्कार, समाचारों के साथ मैं **..नवनीत चौबे ....**

**पहला चरण–मतदान–प्रदेश**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान जारी है। आज देश की 102 सीटों पर मतदान हो रहा है। इनमें प्रदेश की छह लोकसभा सीटों पर भी वोट डाले जा रहें है। सुबह से उत्साह के साथ लोग वोट डालने पहुंचे हैं और कई मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। पेश है हमारे भोपाल संवाददाता की एक रिपोर्टः .........

**वीसी–संजीव शर्मा, आकाशवाणी**

मध्यप्रदेश में आज सीधी, शहडोल, मंडला, जबलपुर, बालाघाट और छिंदवाड़ा में सभी वर्गों के लोग उत्साह से वोट डाल रहे हैं। सभी सीटों पर शाम 6 बजे तक और नक्सल प्रभावित बालाघाट में 4 बजे तक मतदान होगा। बालाघाट में नक्सल गतिविधियों के मद्देनजर जबलपुर में एक एयर एंबुलेंस और बालाघाट में एक हेलीकॉप्टर भी तैनात है। प्रदेश में पहले चरण की छह सीटों पर एक करोड़ 13 लाख से ज्यादा मतदाता 88 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला कर रहे हैं। इस चरण में 2 हजार 651 मतदान केंद्र संवेदन शील हैं जबकि 1 हजार 118 पिंक बूथ और 33 दिव्यांग संचालित बूथ हैं। 8 हजार से ज्यादा मतदान केंद्रों पर वेबकॉस्टिंग एवं सीसीटीवी के माध्यम से सतत् निगरानी रखी जा रही है। मप्र में पहले चरम में मंडला से केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और छिन्दवाड़ा से कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ प्रमुख उम्मीदवार हैं।

–संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल

**लोकसभा चुनाव**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में आज प्रदेश की छह सीटों जबलपुर, छिंदवाडा, मंडला, शहडोल, सीधी और बालाघाट में मतदान हो रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने पत्रकार वार्ता में बताया कि छह लोकसभा क्षेत्रों में 13 जिलों के सभी 13 हजार 588 मतदान केंद्रों में शांतिपूर्वक मतदान जारी है। उन्होंने बताया कि मॉक पोल के दौरान 38 बीयू, 30 सीयू, 59 वीवी पैड खराब हुईं। उन्होंने बताया कि बालाघाट लोकसभा क्षेत्र के बैहर विधानसभा अंतर्गत मतदान केंद्र दुगलई में शत प्रतिशत मतदान हुआ। यह मतदान केंद्र नक्सल प्रभावित होते हुए भी यहां के लोगों ने मतदान कर अपना फर्ज निभाया। मंडला लोकसभा अंतर्गत डिंडौरी में मेघा ने हल्दी रस्म के पश्चात मतदान किया। डिंडौरी जिले के शहपुरा विधानसभा में मोहगांव के मतदाता नर्मदा नदी पार कर मतदान करने पहुंचे। उधर, हमारे जबलपुर संवाददाता ने बताया कई मतदान केंद्रों पर सुबह से लाइनें देखने को मिलीं। विशेषकर नवमतदाताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। वहीं जबलपुर में तापमान लगभग 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। प्रशासन ने गर्मी से निपटने पर्याप्त इंतज़ाम किए हैं। दोपहर 1 बजे तक 27 दशमलव 41 प्रतिशत मतदान हो चुका था। जबलपुर में लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान केंद्र की फोटो वायरल करने पर जबलपुर कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना ने पनागर विधानसभा के मतदान केन्द्र क्रमांक 173 के पीठासीन अधिकारी रतन कुमार को निलंबित कर दिया है।

**चुनाव प्रचार–प्रदेश**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान चरम पर है। भाजपा, कांग्रेस, बसपा, सपा के साथ–साथ निर्दलीय उम्मीदवार भी प्रचार में जुटे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मध्य प्रदेश में दमोह जिले के दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी का दमोह जिले के ग्राम इमलाई में जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खजुराहो और नर्मदापुरम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा खजुराहो, दमोह एवं पन्ना, कैलाश विजयवर्गीय मैहर, सतना, बिरसिंहपुर और प्रहलाद पटेल दमोह में प्रचार करेंगे। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह सागर और शिवपुरी का संयुक्त दौरा करेंगे।

**मतदाता जागरुकता–प्रदेश**

प्रदेश में मतदाता जागरुकता के लिए लगातार कार्यक्रम किए जा रहे हैं। आज भोपाल में सुबह 9:00 बजे वोट क्लब पर दिव्यांग तथा सीनियर सिटीजन की फैन वर्क का आयोजन किया गया है। इसमें दिव्यांग मतदाताओं तथा सीनियर सिटीजन वोटर को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम किया जा रहा है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज के सहयोग से हर बूथ पर लकी ड्रॉ का आयोजन किया जा रहा है। 07 मई को मतदान वाले दिन मतदाता को वोट डालने पर लकी ड्रॉ में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**मतदान दिवस–अपील**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए लोकसभा निर्वाचन–2024 के विभिन्न चरणों में मतदान जरूर करने का आह्वान किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि अपने मतदान केन्द्र पर पहुँचकर निर्भय होकर मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। श्री राजन ने कहा है कि मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। "सक्षम ऐप" से दिव्यांग मतदाता अपने लिये व्हील चेयर या अन्य जरूरी सहायक उपकरण के लिये अनुरोध कर सकते हैं। बुजुर्गों को कतार में न लगना पड़े, इसके लिए उन्हे पहले मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। सभी मतदान केंद्रों में छाया एवं पीने के लिए ठंडा पानी, दवा आदि की समुचित व्यवस्थाएँ की गई हैं।

**आईपीएल–क्रिकेट**

आईपीएल क्रिकेट में कल रात चंडीगढ़ में मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को नौ रन से पराजित कर दिया। 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स की टीम 19 ओवर और एक गेंद पर 183 रन पर आउट हो गई।

आज लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जाइंट्स का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। मैच, शाम साढे सात बजे शुरू होगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :—**

- आगरमालवा जिले के ग्राम सारसी, बिकपुरा, सोयत, चिपिया, निपानिया हनुमान, ढोढरी, ढोढर, पिपलिया माना, रोझानी, गंगापुर, महुडिया बड़ौद, आदि गांवों में कल मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।
- बैतूल में एक बार फिर तापमान उच्चतम स्तर तक पहुंच गया है। गर्म हवाओं से तापमान में हो रही बढ़ोत्तरी के चलते कल पारा 40 डिग्री पहुंच गया। बैतूल सहित अन्य इलाकों में गर्म हवायें चलने से भीषण गर्मी का अहसास हुआ।
- टीकमगढ में आज आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने घर—घर जाकर पीले चावल देकर नागरिकों को 26 अप्रैल को शत—प्रतिशत मतदान करने जागरूक किया।
- छतरपुर जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में छतरपुर शहर में साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

.................................